**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत साहित्य अकादेमी परिसर में वृक्षारोपण

## विश्व पृथ्वी दिवस पर लगाए गए अनेक फलदार पौधे

नई दिल्ली। 22 अप्रैल 2022; साहित्य अकादेमी द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े और 'विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर आज रवींद्र भवन परिसर में फलदार वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में साहित्य अकादेमी के सभी कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और आम, नींबू, अमरूद, कटहल, आडू एवं पीपल आदि के अनेक पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के सचिव ने कहा कि साहित्य अकादेमी का पूरा प्रयास रहता है कि उसका परिसर औषधि एवं फलदार वृक्षों से हरा–भरा रहे। आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न तरह के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। इससे जहाँ पर्यावरण शुद्ध होगा वहीं परिसर की सुंदरता भी बढ़ेगी और हम आने वाली पीढ़ी को हरी–भरी दुनिया सौंप सकेंगे। अकादेमी के कर्मचारियों ने भी इन वृक्षों के बढ़े होने तक उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी में 18 से 29 अप्रैल 2022 के बीच स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अभी तक स्वच्छता शपथ ग्रहण, परिसर से प्लास्टिक कूड़े का निस्तारण, 'पर्यावरण और साहित्य' विषय पर परिसंवाद आदि का आयोजन किया जा चुका है। पखवाड़े के दौरान साहित्य अकादेमी के दिल्ली कार्यालय सहित अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु एवं चेन्नै कार्यालयों में भी स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें परिसंवाद, कार्यालय एवं परिसर की सफाई एवं वृक्षारोपण आदि शामिल हैं।

के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in